Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Pateriya Smt. Neeta

an>

Title : Need to take adequate measures for preventing female foeticide in the country.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान देश में विभिन्न राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की ओर दिलाना चाहती हूं। विशोकर मादा भ्रूण हत्या की घटनाओं में जिस प्रकार के मामले आ रहे हैं, विभिन्न टीवी चैनल समय समय पर जिस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं, उससे पता लगता है कि किस प्रकार से बड़ी मात्रा में मादा भ्रूण हत्या में प्रतिर्वा वृद्धि हो रही है और जनगणना के आंकड़ों से भी पता लगता है कि बालक-बालिका अनुपात में बहुत बड़ा अंतर आ रहा है और कुछ राज्यों और जिलों तथा यहां तक कि गांवों में लड़कियों की संख्या में बहुत कमी आ गयी है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश इस सबसे बड़ी समस्या से निपटने के लिए समय रहते तत्काल कड़े कदम उठाये तथा इन मामलों में सबसे अधिक योगदान निजी अस्पतालों का है, इन पर कड़ी कार्यवाही करें।